बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

बिहार कृषि सेवा वर्ग–02 के अन्तर्गत बिहार कृषि सेवा कोटि–5, (पौधा संरक्षण) 'सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण)' के 34 पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–89/2014 के उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि उक्त विज्ञापन के तहत लिखित परीक्षा के लिए प्रारम्भिक रूप से अर्हित (Eligible) एवं अनर्हित (Ineligible) उम्मीदवारों की सूची (विलम्ब से प्राप्त आवेदनों की सूची सहित) आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित कर दिया गया है। अनर्हित उम्मीदवारों को अलग से अस्वीकृति पत्र नहीं भेजा जाएगा। अनर्हित उम्मीदवारों को कोई आपत्ति हो, तो वे अपना आपत्ति आवेदन पत्र/अभ्यावेदन साक्ष्य/प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से सिर्फ आयोग के ई–मेल bpscpat-bih@nic.in पर दिनांक 03.04.2017 तक आयोग को भेज सकते हैं। इस अभ्यावेदन के साथ 15.01.2015 तक निर्गत शैक्षणिक प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति भी भेजेंगे। उक्त अभ्यावेदन में विज्ञापन संख्या–89/2014, बिहार कृषि सेवा कोटि–5 (पौधा संरक्षण) एवं अनुक्रमांक अंकित किया जाना अनिवार्य होगा। दिनांक 03.04.2017 के बाद प्राप्त होने वाले अभ्यावेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रारंभिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों की अंतिम अर्हता के सम्बन्ध में उसके लिए निर्धारित विभिन्न शर्तों की पूर्ण समीक्षा के बाद आयोग द्वारा यथासम्भव अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

15/3/17

विशेष सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना